बेरोजगार कर सकेंगे शॉर्ट टर्म कोर्स

- विकास सदन में 'स्किल डवलपमेंट सेंटर' का शिलान्यास।
- प्रशासन हर प्रकार की संभव मदद करने के लिए तैयार।

टुडे रिपोर्टर, गुड़गांव

जिला उपायुक्त टी एल सत्यप्रकाश ने शनिवार को जगुआर कंपनी के सहयोग से बनाए जाने वाले 'स्किल डवलपमेंट सेंटर' का विकास सदन में शिलान्यास किया। यह सेंटर लगभग 90 लाख रूपये की लागत से तैयार किया जाएगा जिसमें बेरोजगार लोगों को शॉर्ट टर्म कोर्सिज करवाए जाएंगे। उनके साथ जगुआर ग्रुप के डायरेक्टर व प्रमोटर राजेश मेहरा व अजय मेहरा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन को सुधारने का सबसे अच्छा माध्यम है कि उसे किसी भी रोजगार संबंधी व्यवसाय का कौशल दिया जाए। उन्होंने कहा कि कौशल देने से हम किसी भी व्यक्ति को पूरे जीवन के लिए रोजगार के लायक बना सकते हैं जिससे उसका पूरा जीवन सुखमय बन सकता है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है 'स्किल डवलपमेंट सेंटर' बनाने के कार्य में जगुआर जैसे बड़े व नामी ग्रुप द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने जगुआर परिवार से आए सदस्यों को बधाई देते हुए उनकी इस रचनात्मक सोच की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यों में अपना योगदान देने के लिए जिला प्रशासन हर प्रकार की संभव मदद करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि गुड़गांव को मिलेनियम सिटी के नाम से जाना जाता है जिसमें बिना कौशल के रोजगार मिलना असंभव है। सत्यप्रकाश ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि सभी को रोजगार मिले ताकि हमारा भारतवर्ष सशक्त बन सके। इस कार्य को पूरा करने के लिए जरूरी है कि हम सब मिलकर इस दिशा में काम करे। इस कार्य को समाज में सभी लोगों, आरडब्ल्यूए, स्वयंसेवी संस्थाएं व कंपनियों तथा उद्योगो की भागीदारी के बिना पूरा नहीं किया जा सकता।

'स्किल डवलपमेंट सेंटर' का शिलान्यास करते उपायुक्त टी एल सत्यप्रकाश।

इस अवसर पर जगुआर कंपनी के डायरेक्टर एवं प्रमोटर राजेश मेहरा ने कहा कि जगुआर कंपनी लोगों में अच्छे स्किल विकसित करना चाहती है ताकि वे भविष्य में रोजगार प्राप्ति कर एक अच्छा जीवन व्यतीत कर सके। कंपनी चाहती है कि भारतवर्ष स्वच्छ, यहां रहने वाले व्यक्ति स्वस्थ व अपने कौशल से सम्पन्न हो । इस बिल्डिंग का निर्माण 5 से 6 महीने तक का समय लगेगा। इस सैंटर में शुरूआती चरण में प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर तथा ए सी व फ्रिज रिपेयरिंग आदि कोर्सिज करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जगुआर ग्रुप 'मेक इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया' के कथन को पूरा करने के लिए प्रयासरत है।

कार्यक्रम में नगर निगम गुड़गांव के डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया ने उपायुक्त व जगुआर ग्रुप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों में रोजगार के अच्छे स्किल उत्पन्न करना एक अच्छी सोच है। उन्होंने कहा कि जगुआर ग्रुप हमेशा अपनी अलग व रचनात्मक सोच के लिए जाना जाता है जोकि लोकहित में हो। उन्होंने कहा कि उद्योगो में आज भी कुशल कारीगरों की कमी महसूस की जाती है और इस सैंटर के शुरू होने से उद्योगो को जहां एक तरफ कुशल कारीगर मिलेंगे वही दूसरी तरफ लोगों को आजीविका के साधन भी उपलब्ध होंगे। प्रौजेक्ट डायरेक्टर राजेश गुप्ता ने कहा कि स्किल डैव्लपमेंट सैंटर के शुरू होने पर एक साल के अंदर-अंदर लगभग 600 बेरोजगार युवकों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए आरडब्ल्यूए का भी सहयोग लिया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस सैंटर से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डा. मनोज कौशिक व जिला प्राथमिकी शिक्षा अधिकारी प्रेमलता यादव भी उपस्थित थीं।